Title: Increasing acitivities of ISI in Rajasthan, Punjab and Haryana.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : सभापति महोदय, पिछले दिनों समाचार पत्रों में निरंतर ये समाचार छप रहे हैं कि पाकिस्तान की कुख्यात गुप्तचर एजेंसी आईएसआई ने राजस्थान, पंजाब, गुजरात और हरियाणा में भारतीय सैन्य प्रतिठानों और छावनियों की खुफिया जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। पिछले दिनों अम्बाला कैंट में, सूरत के पास और जैसलमेर के पास हथियारों का जखीरा पकड़ा गया। इससे पता चलता है कि वह हमारे यहां अपने मुखबिर बनाकर हमारे सैन्य ठिकानों की जानकारी प्राप्त करने का प्रयास कर रही है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और गुजरात में बढ़ती हुई आईएसआई की गतिविधियों पर पाबंदी लगाई जाए और सक्रियता से सैन्य प्रतिठानों की रक्षा की ओर ध्यान दिया जाए ताकि हमारे रहस्य शत्रुओं के हाथ न जा सकें।